सत्यमेव जयते

मुख्य मंत्री
राजस्थान

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि राजीव गांधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन, कोटा के तत्वावधान में गरीब, मध्यम वर्ग, अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति, निःशक्तजन, पिछड़ा वर्ग, विधवा एवं परित्यक्ता महिला वर्ग को कम्प्यूटर शिक्षा देने के लिए महत्वपूर्ण योजना प्रायोजित की जा रही है।

प्रतिस्पर्धा के इस युग में कम्प्यूटर शिक्षा के निरन्तर विकास की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों के संचालन से बहुआयामी रोजगार एवं स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त होता है।

आशा है कम्प्यूटर शिक्षण–प्रशिक्षण योजनाओं के साथ–साथ समाज के मध्यम एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के युवाओं को भी लाभकारी पाठ्यक्रमों की जानकारी दी जा सकेगी।

मैं मिशन के कार्यक्रमों एवं विवरणिका के प्रकाशन की सफलता के लिये अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(अशोक गहलोत)